Instructions Bulletin for the operation failure of the Month of JAN-2023

No. IB/ETC/GZB/2022--23/10

1. - केस स्टडी -1

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
16.01.2023	30590/TKD	22450	दिल्ली
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक 16.01.2023 को गाड़ी संख्या- 22450 को समय 23:16 बजे लोको स. 30590/TKD में जोड़ा गया। आन ड्यूटी लोको पायलट शंटर ने कैब बदलकर पैंटो ग्राफ ऊपर उठाया चुकि: गाड़ी का रेक वाशिंग लाइन में खड़ा था (अनवायर्ड जोन) अतः पैंटोग्राफ का OHE से उलझाव हो गया जिस कारण गाड़ी को 60 मिनट समयहानि हुई।		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	लोको पायलट शंटर ने समय 23:16 बजे गाड़ी स० **22450 में लोको स० 30590/TKD** में जोड़ने के बाद कैब बदलकर बिना सुनिश्चित किये की पैंटोग्राफ पूर्णत: OHE के नीचे है , पैंटो ग्राफ ऊपर उठाया चुकी गाड़ी का रेक वाशिंग लाइन में खड़ा था {अनवायर्ड जोन} अतः पैंटोग्राफ का OHE से उलझाव हो गया। इसके बाद लोको पायलट शंटर ने समय 23:30 बजे LI समयपालन को तथा लोको पायलट ने TLC को उपरोक्त के बिषय में बताया जिसके बाद OHE staff 23:40 बजे वाशिंग लाइन 13 में आये और 23:55 बजे OHE फिट दी गयी। जिसके बाद गाड़ी का प्रस्थान 60 मिनट के विलम्ब से हुआ।		
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही	-----		
टिप्पणी	ख़राब कार्य : उपरोक्त घटना के सन्दर्भ में यदि लोको पायलट शंटर ने OHE का पैंटो के नीचे होना सुनिश्चित किया होता तो गाड़ी को अनावश्यक रूप मे हुयी समय हानि से बचाया जा सकता था।		

2. - केस स्टडी -2

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
17.01.2023	39071 & 30143	12963	दिल्ली
UOR/फेलियर विवरण	गाड़ी स. 12963, लोको स. 39071 का BP कन्टीन्यूटी टेस्ट सफल न हो पाने के कारण गाड़ी का प्रस्थान 16 मिनट की देरी से हुआ।		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	गाड़ी स. 12963, लोको स. 39071 का में स्टार्टर सिगनल समय 18:25 पर ऑफ हुआ परन्तु गाड़ी नहीं चली , समय 18:33 पर LPS ने SSE को बताया की BP कन्टीन्यूटी टेस्ट के दौरान BV से प्रेशर गिराए जाने पर लोको में प्रेशर नहीं ड्राप हो रहा है तब SSE के आदेशानुसार कॉक न. 70 को क्लोज कर कन्टीन्यूटी टेस्ट दोबारा करने पर सफलता मिल गयी और और गाड़ी का प्रस्थान 16 मिनट की देरी से समय 18:40 पर हुआ।		
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही	**तकनीकी सर्कुलर DLI/RSO-14 /2022 दिनांक 20.01.2023 के अनुसार -** BP कन्टीन्यूटी टेस्ट करने की विधि (सवारी गाडी में) 1. लोको में BP प्रेशर 5.0 Kg/cm² तथा ब्रेकवान में 4.8 Kg/cm² बनने के बाद लोको पायलट और गार्ड उचित माध्यम से इस टेस्ट के बारे में बातचीत करेंगे। 2. लोको पायलट A-9 हैंडल को अप्लाई पोजीशन पर रखकर 1.0 Kg/cm² BP प्रेशर गिराएगा तथा गार्ड अपने ब्रेकवान के गेज में 1.0 से 1.4 Kg/cm² प्रेशर का गिरना सुनिश्चित करेगा।		

	3. लोको पायलट A-9 हैंडल को रिलीज पोजीशन पर रखकर BP प्रेशर 5.0 Kg/cm² तथा गार्ड ब्रेकवान में 4.8 Kg/cm² बनना सुनिश्चित करेगा। 4. लोको पायलट कन्वेंशनल लोको में L & T कॉक , E-70 ब्रेक सिस्टम वाले लोको में 70 न. कॉक बंद करेंगे। तथा थ्री फेज CCB-2.0 युक्त लोको में मोड स्विच को टेस्ट पोजीशन पर रखकर गार्ड से प्रेशर गिराने को कहेगा। 5. गार्ड इमरजेंसी ब्रेक वाल्व से 1.2 Kg/cm² BP प्रेशर गिराएगा तथा लोको पायलट कैब में 1.0- 1.4 Kg/cm² BP प्रेशर का ड्राप होना देखेगा। 6. गार्ड के द्वारा इमरजेंसी ब्रेक वाल्व के कॉक को बंद करने के बाद लोको पायलट लोको में बंद किये गये कॉक/स्विच को खोलकर/लीड पर करके लोको में 5.0 Kg/cm² तथा गार्ड ब्रेकवान में 4.8 Kg/cm² प्रेशर का होना सुनिश्चित करेगा।
टिप्पणी	ख़राब कार्य- उपरोक्त घटना से स्पस्ट होता है की लोको पायलट को BP कन्टीन्यूटी टेस्ट करने की विधि के बारे में सही जानकारी नहीं थी जिस कारण गाडी को अनावश्यक समय हानि हुयी।

3. - केस स्टडी -3

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
24/25.01.2023	23991+23233/WAG-5/RTM	UP/GIMB	मुरादाबाद
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक 24.01.2023 को LPG/MB ने गाड़ी संख्या UP/GIMB लोको संख्या 23991+23233//RTM का चार्ज SEO से लिया व गाड़ी का प्रस्थान SEO से 23:25 पर हुआ। LPG/MB ने प्रथम ब्लॉक सेक्शन में BPT परफॉर्म किया व उसके बाद देखा की AFI की सुई 80 PSI पहुंच गई जिसके कारण NOTCH REGRESS होना शुरू हो गया तथा गाड़ी की गति कम हो गयी। लोको पायलट ने Q-51 को WEDGE किया तथा गाड़ी कार्य किया लेकिन इसके बारे में TLC/MB को कोई सूचना नहीं दी। लोको पायलट ने अपनी गाड़ी का चार्ज LRJ में LPG/LRJ को दिया लेकिन उससे पहले Q-51 को NORMAL कर दिया व जाने वाले LPG/LRJ को भी इसके बारे में कोई सूचना नहीं दी। जाने वाले लोको पायलट को जब NOTCH रिग्रेशन मिला तब LPG/LRJ ने TLC/MB को सूचना दी। LPG/LRJ व गार्ड /MB ने गाड़ी को चेक किया व LOAD के सारे NRVs बंद करें तथा 14 वां वैगन जाम भी पाया गया उसको भी रिलीज़ किया लेकिन उसके बाद भी AFI की सुई 80 PSI पर ही रही। LPG/LRJ ने गाड़ी और लोको के बीच का ANGLE COC बंद करा व पाया की लोको में AFI नार्मल हो गयी है। LPG/LRJ ने सारी सूचना TLC/MB को दी व उसके बाद Q-51 को WEDGE करके गाड़ी का LRJ से प्रस्थान हुआ। जिसकी वजह से गाड़ी का 352" का डिटेंशन हुआ व गाड़ी संख्या 12237 तथा 12355 को समय हानि हुई।		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	• आने वाले लोको पायलट ने Q-51 को वैज किया व गाड़ी कार्य किया। • आने वाले लोको पायलट ने ना ही TLC/MB को सूचित किया ना ही TXR की डिमांड की। • जाने वाले लोको पायलट ने TLC/MB को सूचना दी। • गार्ड के साथ मिलकर सारी गाड़ी की जांच की व 14 वां वैगन जाम पाया उसको रिलीज़ किया व सारे NRVs को बंद किया। • LPG/LRJ ने गाड़ी और लोको के बीच का ANGLE COC बंद करा व पाया की लोको में AFI नार्मल हो गयी है। • LPG/LRJ ने सारी सूचना TLC/MB को दी व उसके बाद Q-51 को WEDGE करके गाड़ी का LRJ से प्रस्थान हुआ।		
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट	1. लोको में यदि AFI की सुई यदि 60 PSI से ऊपर है तो लोको को चेक करेंगे, गाड़ी और लोको के बीच ANGLE COC बंद करके AFI का नार्मल होना सुनिश्चित करेंगे।		

द्वारा की जाने वाली कार्यवाही	2. सब कुछ सही मिलने पर TLC को इसके बारे में सूचित करेंगे व गार्ड के साथ मिलकर सारी गाड़ी की जांच करेंगे और लोड जाम के बारे में बताएँगे ना की की AFI की सुई 60 PSI से ऊपर है। 3. गाड़ी में किसी भी प्रकार की अनियमितता मिलने पर TXR की डिमांड करेंगे।
टिप्पणी	**Bad Case:** यदि लोको पायलट मुरादाबाद ने गाड़ी की सही से जांच की होती, TLC/MB को इसके बारे में बताया होता, TXR कि सही समय पर मांग की होती, या जाने वाले लोको पायलट को इसके बारे में सूचना दी होती तो गाड़ी की समय हानि को बचाया जा सकता था। लोको पायलट ने दोनों लोको में Q-51 को WEDGE करके लम्बी दूरी तक कार्य किया जिसके कारण RAIL BURN हो सकती थी।

4. - केस स्टडी - 4

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
20.01.2023	35014/WAP-5/GZB	12408	मुरादाबाद
UOR/फेलियर विवरण	लोको पायलट **श्री सुशील कुमार मिश्रा मुख्यालय रोज़ा** ने गाड़ी संख्या 12408 लोको संख्या 35014/WAP-5/GZB का चार्ज मुरादाबाद से 18:25 पर लिया और गाड़ी का प्रस्थान मुरादाबाद से 18:45 पर हुआ। MPH पर सिगनल लाल होने के कारण गाड़ी को रोका गया। लोको पायलट ने UNDER FRAME चेक करा और पाया कि AXLE No. 02 का GEAR CASE बहुत गरम होने के कारण लाल हो गया है। लोको पायलट ने तुरंत इसकी सूचना TLC/MB को दी। TLC/MB ने तुरंत लोको को फ़ैल कर दिया व Dy./Op./P. को इसकी सूचना दी व रिलीफ लोको की मांग की। बाद में लोको की संयुक्त जांच में पता चला की लोको के AXLE No. 02 में GEAR के दांत टूट गये थे जिसकी वजह से PINION GEAR और INTERMEDIATE GEAR में ज्यादा घर्षण पैदा हुआ और AXLE No.02 का तापमान अधिक हो गया व लोको का AXLE LOCK होने से बच गया।		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	1. गाड़ी के लाल सिगनल पर रुकने पर लोको पायलट ने UNDER FRAME को चेक करा। 2. लोको पायलट ने UNDER FRAME चेक करा और पाया कि AXLE No. 02 का GEAR CASE बहुत गरम होने के कारण लाल हो गया है। 3. लोको पायलट ने तुरंत इसकी सूचना TLC/MB को दी। 4. लोको पायलट ने रिलीफ लोको की मांग की।		
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही	1. गाड़ी के कही रुकने पर लोको के UNDER FRAME की जांच अवश्य करें। 2. कुछ भी अनियमितता मिलने पर TLC को सूचित करेंगे।		
टिप्पणी	Good केस : **लोको पायलट की जागरूकता के कारण लोको का AXLE LOCK होने से बच गया।**		

5. - केस स्टडी - 5

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
23.01.2023	31619/BWN	DN E/BOXN/HL	लखनऊ
UOR/फेलियर विवरण	गाडी स. DN E/BOXN/HL लोको स. 31619/BWN पर लोको पायलट द्वारा अंडरफ्रेम की ठीक प्रकार से जांच कर प्राइमरी हेलिकल स्प्रिंग टुटा पाए जाने पर संभावित दुर्घटना को बचाए जाने के सम्बन्ध में।		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	उपरोक्त गाडी सुल्तानपुर स्टेशन पर समय 10:45 पर पहुची चार्ज लेने वाले क्रू ने जांच करने पर पाया की व्हील न. 8 की प्राइमरी हेलिकल स्प्रिंग टूटी हुयी है जिसकी सूचना क्रू ने तुरंत TLC को दी। जिसको CLI द्वारा जांच कराने पर लोको को फेल कर दिया गया।		
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही	.....		
टिप्पणी	अच्छा कार्य – लोको पायलट द्वारा अंडरफ्रेम की जाँच ठीक प्रकार से की गयी जिस कारण संभावित दुर्घटना से बचा जा सका।		

6. - केस स्टडी - 6

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
24.01.2023	22594/GKP	15054	लखनऊ
UOR/फेलियर विवरण	गाडी स. 15054 लोको स. 22594/GKP में स्टेशन कटेहरी पर गाडी को 31 मिनट लोको० के अकाउंट पर विलंबन के सम्बन्ध में।		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	गाडी स. 15054 लोको स. 22594/GKP में MR प्रेशर गिरने के बाद लोको पायलट ने जाँच में पाया की कोच स. 182816C/NER से लीकेज है जिसे उनके द्वारा ठीक किया गया परन्तु इससे सम्बंधित सूचना स्टेशन मास्टर/गार्ड को नहीं दी जिसके कारण यातायात विभाग द्वारा 31 मिनट का विलंब लोको अकाउंट पर आया।		
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही	.....		
टिप्पणी	बुरा कार्य – उपरोक्त घटना से स्पस्ट है की सम्बंधित सूचना लोको पायलट द्वारा स्टेशन मास्टर या गार्ड के CTR में नोट नहीं करायी गयी जिससे रोंग लॉगिंग (Wrong Logging) के कारण यातायात विभाग द्वारा 31 मिनट का विलंब लोको अकाउंट पर आया।		

7.0 TLTE (MP से नाच न आने पर की जाने वाली कार्यवाही)

MP से नॉच न आने पर की जाने वाली ट्रबल शूटिंग व गाड़ी खींचने की शक्ति की पूरी हानि

1. पायलट लैम्प की जॉच करें यदि न जले हों तो। फ्यूज CCLS की जांच करें, यदि मैल्ट हो तो बदल दें, दुबारा मैल्ट हो जाये तो HOBA को 'OFF' पर करके बदलें व पेज नं॰ 86 की सावधानियों का पालन करते हुये कार्य कीजिये।
2. यदि CCLS फ्यूज अब भी मैल्ट हो जाये तो बिना पायलट लैम्प के पेज नं 83 के अनुसार कार्य कीजिये।
3. A-9 हैंडल को इमरजैंसी पर कीजिये तथा फिर से रिलीज पोजीशन पर रखिये MP को '0' पर लाकर पुनः नोच लेकर देखिये। सफलता मिलने पर गाड़ी कार्य करें।
4. RGEB कॉक को खुला होना चैक करें।
5. LSB का बुझा होना चेक करें, यदि LSB न बुझी हो तो पहले इसकी ट्रबल शूटिंग पेज नं॰ 45 क॰ 15 के अनुसार करें।
6. यदि LSB बुझी हो एक नॉच लेकर लैम्प LSGR को देखें यदि LSGR बुझ रही है तो, दोनों HVSI-1,2 तथा HVMT-1,2 के 1 या 3 पर होने की तसल्ली करें। अन्यथा पिछली कैब से कोशिश करें। सफलता मिलने पर GR 4.21 के अनुसार ब्लॉक सैक्शन साफ करके TLC से बात करें।
7. ZSMGR हैंडल को GR के ड्रम पर सही हालत में लगा होना चेक करें।
8. GR के गेज में GR का प्रैशर 2.5 से 3.8 kg/cm² के बीच होना चैक करें।
9. ZSMS स्विच की पोजिशन बदलकर EEC व MP से नोच लेने की कोशिश करें। यदि सफलता मिल जाये तो गाड़ी चलाइये व TLC को बताइये।
10. रिले QRS का इनरजाईज हालत में होना चेक करें, यदि यह इनरजाईज न होतो इसे इनरजाईज हालत में वेज करें।
11. रिले Q51 को डि–इनरजाईज हालत में होना चैक करें, यदि यह इनरजाईज होतो IP वाल्व का कॉक बंद करके DJ खोलकर HBA को '0' पर कर दें तथा Q51 रिले को डि–इनरजाईज हालत में वेज करके लोको को इनरजाईज करें व IP वाल्व का कॉक खोल दें।
12. रिले Q52 का डिइनरजाईज होना देखें। इनरजाईज मिले तो लोको को डैड करके नियमानुसार HBA को '0' पर करें तथा रिले को टैप करें। दोबारा लोको को इनरजाईज करके नॉच लेकर देखिये। अन्यथा–
13. GR का हाथ कंट्रोल करके अधिकतम 15 किमी/घंटा से ब्लॉक सैक्शन साफ करके TLC से बात करें।
14. सफलता न मिले तो TLC से बात करें।

उपरोक्त निर्देश बुलेटिन विद्युत प्रशिक्षण केन्द्र, गाजियाबाद की वेबसाइट www.etcgzb.in पर भी उपलब्ध है।

(सरताश कुमार)

(प्रधानाचार्य/वि.प्र.के./गा.बाद.)

न० 232-विद्युत/वि.प्र.के./ट्रेनिंग-1

दिनांक – 23.02.2023

प्रतिलिपि :-

1. मुख्य विद्युत लोको अभियंता/उत्तर रेलवे, बडौदा हाऊस, नई दिल्ली- सादर सूचनार्थ।
2. मुख्य विद्युत अभियंता/मोबिलिटी, उत्तर रेलवे, बडौदा हाऊस, नई दिल्ली- सादर सूचनार्थ।
3. वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/परिचालन/नई दिल्ली, लखनऊ - सादर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतू।
4. वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/कर्षण वितरण/मुरादाबाद, फिरोजपुर, अंबाला- सादर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतू।